## सराहनीय कार्य, जालौन पुलिस

## दिनांक 26.11.2023

**एसओजी/सर्विलांस एवं थाना कोतवाली माधौगढ़ पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा विगत दिनों थाना कोतवाली माधौगढ़ क्षेत्रान्तर्गत हुई चोरी की घटना में संलिप्त अभियुक्तगणों को चोरी की योजना बनाते एवं चोरी के माल का बंटवारा करते समय पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ़्तार किया गया । मुठभेड़ के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त एवं D 43 गैंग का गैंग लीडर आशू दोहरे पैर में गोली लगने से घायल हुआ है । अभियुक्तों के क़ब्ज़े से चोरी का शत प्रतिशत माल एवं अवैध असलहा ज़िंदा व खोखा कारतूस, बाइक आदि बरामद करने के सम्बन्ध में ।**

अवगत कराना है जनपद में शादी समारोह में गए लोगो के यहाँ बंद घरो में चोरी की घटनाएँ प्रकाश में आयी थी । इसी क्रम में विगत दो दिन पहले कस्वा माधौगढ में शादी में गये व्यक्ति के बंद घर में चोरी हुई थी । जिसके संबंध में अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण हेतु उच्चाधिकारीगण द्वारा टीम का गठन किया गया था । इसी क्रम में आज दिनांक 26/11/2023 को थाना कोत0 माधौगढ क्षेत्र में मुखविर की सूचना पर एसओजी, सर्विलांस थाना माधौगढ पुलिस की सयुंक्त टीम द्वारा चोरी करने वाले गैंग के 03 सदस्यों को चोरी की योजना बनाते व माल बँटवारा करते हुए घेरने का प्रयास किया गया तो अभियुक्तों द्वारा अपने को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फ़ायरिंग की गई जिसमें टीम बाल बाल बची । आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा जबाबी फ़ायरिंग की गई जिसमें एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त जनपद स्तर के D-43 गैंग के गैंग लीडर आशू उर्फ़ प्रिंस गोली लगने से घायल हुआ तथा दो अन्य सहअभियुक्त गिरफ़्तार हुए । गिरफ्तार अभियुक्तगणों के पास से भारी मात्रा में सोने व चाँदी के चोरी के आभूषण ,5 हज़ार 790 रुपए नगद व अवैध असलाह ज़िंदा व खोखा कारतूस बरामद हुए । घायल अभियुक्त को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया गया ।

उक्त पुलिस मुठभेड़ एवं बरामदगी के संबंध में अभियोग पंजीकृत कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा जनपद जालौन व आस पास के कई जनपद में कई जगह चोरी की घटना क़ारित करना बताया गया जिसकी संबंध में जानकारी की जा रही हैं ।

**गिरफ़्तार अभियुक्तगण का विवरण -**

1- प्रिंस उर्फ़ आशु दोहरे पुत्र श्री महेंद्र कुमार निवासी ग्राम सैदपुर उवारी थाना कुठौंद जनपद जालौन ।

2 - सुनील कुमार कुशवाहा पुत्र श्री रामअवतार कुशवाहा निवासी ग्राम बघावली थाना रामपुरा जनपद जालौन ।

3 - बाबू कुशवाहा पुत्र श्री रामशरण कुशवाहा निवासी ग्राम बघावली थाना रामपुरा जनपद जालौन ।

**गिरफ्तार अभियुक्तगणों का आपराधिक इतिहास -**

**अभियुक्त प्रिंस उर्फ आशु उपरोक्त**

1- मु0अ0स0 231/19 धारा 394,323,504,506 आईपीसी थाना कुठोंद जनपद जालौन ।

2- मु0अ0स0 232/19 धारा 3/25 आर्म्स एक्स0 थाना कुठोंद जनपद जालौन।

3- मु0अ0स0 35/21 धारा 60 एक्स0 एक्ट थाना चुरखी जालौन ।

4- मु0अ0स0 142/22 धारा 392,411आईपीसी थाना कुठोंद जनपद जालौन

5- मु0अ0स0 146/22 धारा 420,467,468,471आईपीसी , थाना कुठोंद जनपद जालौन

6- मु0अ0स0 221/22 धारा ,2/3 गैंग0 एक्ट थाना कुठोंद जनपद जालौन।

7- मु0अ0स0 126/23 धारा 401 आईपीसी थाना रामपुरा जनपद जालौन।

8- मु0अ0स0 138/22 धारा 379,411 आईपीसी थाना जालौन जनपद जालौन ।

9- मु0अ0स0 127/23 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना रामपुरा जनपद जालौन ।

10- मु0अ0स0 05/17धारा 392,411आईपीसी थाना किदवई जनपद कानपुर नगर ।

11- मु0अ0स0 09/17 धारा 4/25आर्म्स एक्ट थाना किदवई नगर जनपद कानपुर नगर ।

12- मु0अ0स0 10/17 धारा 411,420,468,471आईपीसी थाना किदवई नगर जनपद कानपुर नगर ।

13- मु0अ0स0 243/17 धारा 3(1) गैंग0 अधि0 , थाना किदवई नगर जनपद कानपुर नगर ।

14- मु0अ0स0 277/17 धारा ,392 आईपीसी थाना किदवई नगर जनपद कानपुर नगर ।

15- मु0अ0स0 883/16 धारा 392,411आईपीसी थाना नवबस्ता जनपद कनपुरा नगर ।

16- मु0अ0स0 199/21 धारा 294 आईपीसी थाना महाराजपुर जनपद कानपुर नगर ।

**अभियुक्त सुनील उपरोक्त**

1- मु0अ0स0 126/23 धारा ,401 आईपीसी थाना रामपुरा जनपद जालौन।

टीम का विवरण –

1 - प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली माधौगढ़ मय टीम ।

2 – प्रभारी एसओजी/सर्विलांस सेल जनपद जालौन ।